मानस अभियान

RISING RAJASTHAN
9-10-11 DEC 2024 • JAIPUR

कार्यालय जिला कलक्टर, हनुमानगढ़

Mail:-dm-han-rj@nic.in, esttcoll.hanumangarh@rajasthan.gov.in Ph:- 01552-260001

क्रमांक :– एफ.1(23)(44)स्था./2025/ दिनांकः– As signed date

श्रीमान् निबंधक,
राजस्व मण्डल राजस्थान,
अजमेर।

विषय :– वेतन संरक्षण स्वीकृति के संबंध में मार्गदर्शन बाबत्।

प्रसंग :– उपखण्ड अधिकारी, पीलीबंगा के पत्रांक 1037 दिनांक 08.10.2025 के संदर्भ में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में निवेदन है कि श्रीमान तकनीकी निदेशक एवं संयुक्त सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग राजस्थान जयपुर के आदेश दिनांक 13.08.2025 द्वारा सुश्री गुरप्रीत कौर को सूचना सहायक के पद पर नियुक्ति दी जाकर पदस्थापन उपखण्ड कार्यालय पीलीबंगा में किया गया, जिसकी पालना में सुश्री गुरप्रीतकौर ने दिनांक 09.09.2025 को सूचना सहायक के पद पर उपखण्ड कार्यालय पीलीबंगा में कार्यग्रहण किया। सूचना सहायक पद का मूल वेतन 26300/– है। सुश्री गुरप्रीतकौर पूर्व में भारतीय रेलवे में SR ALP के पद पर कार्यरत थी, जिसका मूल वेतन 26300/–तथा सकल वेतन लगभग 58000/– प्रतिमाह था। सुश्री गुरप्रीत कौर, सूचना सहायक ने वेतन संरक्षण स्वीकृति हेतु प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थीया सुश्री गुरप्रीतकौर ने श्रीमान संयुक्त शासन सचिव–प्रथम वित्त विभाग (नियम) के पत्रांक एफ.1(5)एफडी/रूल्स/2020 जयपुर दिनांक 25.10.2020 द्वारा दिये गये निर्देशों में प्रश्नोतरी बिन्दु संख्या 19 एवं वित्त विभाग (नियम) के परिपत्र क्रमांक एफ.1(4)एफडी/रूल्स/2017–I जयपुर दिनांक 30.10.2017 के द्वारा संशोधित नियम 26(1) अनुसार वेतन संरक्षण प्राप्त करने के संबंध में निवेदन किया गया है।

वित्त विभाग,जयपुर के परिपत्र दिनांक 01.09.2025 के अनुसार आरएसआर के नियम 24 व 26 के तहत वेतन प्राप्त कर रहे कार्मिकों को नई नियुक्ति में वेतन संरक्षण दिया जा सकता है। केन्द्रीय कर्मचारियों को राजस्थान राज्य सेवा में आने पर वेतन संरक्षण के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करने का श्रम करे।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

Signature valid
(उम्मेदी लाल मीना)
Digitally signed by Ummedi Lal Mina
Designation: Additional Collector And Additional District Magistrate
Date: 2025.11.19 20:04:02 IST
Reason: Approved
अतिरिक्त जिला कलक्टर

Signature Not Verified
Digitally signed by Uma Mittal
Date: 2026.01.02 14:45:56 IST
Reason: SelfAttested

RajKaj Ref No.: 18930543

Scanned with OKEN Scanner